
वर्ष- 2 , अंक- 337
छपरा
20 अक्टूबर सोमवार 2025
पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live



आज धूमधाम से मनाई जाएगी दिवाली

# दिवाली से बदलेगी बाबा महाकाल की दिनचर्या:4 माह तक गर्म जल से स्नान करेंगे

## महाकाल मंदिर में सुबह रूप चौदस, शाम को मनेगी दिवाली

**उज्जैन,एजेंसी।** तिथियों के घटने-बढ़ने के कारण इस बार 20 अक्टूबर, सोमवार को सुबह रूप चौदस और शाम को दिवाली का पर्व मनाया जाएगा। उज्जैन के महाकाल मंदिर में सभी त्योहारों को देशभर में सबसे पहले मनाने की परंपरा है।

इसी परंपरा के तहत सुबह भस्म आरती के दौरान रूप चौदस पर भगवान महाकाल का गर्म जल से स्नान कराया जाएगा। इसके बाद पुजारी परिवार की महिलाएं भगवान को उबटन लगाएंगी और फुलझड़ी जलाकर दिवाली उत्सव की शुरुआत की जाएगी।रूप चौदस के अवसर पर वर्ष में केवल एक बार पुजारी-पुरोहित परिवार की महिलाएं इस विशेष श्रृंगार में शामिल होती हैं और बाबा महाकाल का रूप निखारती हैं। इस दिन महिलाओं को ही यह अवसर मिलता है, जिसमें वे सुगंधित द्रव्यों से बाबा के लिए उबटन तैयार करती हैं। इसके बाद विशेष कर्पूर आरती होती है, जो केवल महिलाएं ही संपन्न करती हैं।

**केसर, चंदन, इत्र, खस और सफेद तिल का उबटन लगेगा** :महाकाल मंदिर के पुजारी महेश शर्मा ने बताया कि रोशनी के इस पर्व पर सोमवार तड़के चार बजे भस्म आरती के दौरान



पुजारी परिवार की महिलाओं द्वारा भगवान महाकाल को केसर, चंदन, इत्र,

खस और सफेद तिल का उबटन लगाया जाएगा। भगवान का रूप निखारने के बाद उन्हें पंचामृत पूजन अर्पित किया जाएगा।

इसी दौरान भगवान महाकाल को अन्नकूट का भोग भी लगाया जाएगा। इसके बाद गर्भगृह में पंडित-पुजारी फुलझड़ियां जलाकर दिवाली का पर्व मनाएंगे। दिवाली के अवसर पर महाकाल मंदिर को रंग-बिरंगी विद्युत रोशनी, फूलों और रंगोली से सजाया गया है।

**महाशिवरात्रि तक गर्म जल से स्नान करेंगे बाबा** :महाकाल मंदिर के पुजारी महेश गुरु ने बताया कि विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में भस्म आरती के दौरान भगवान महाकाल को गर्म जल से स्नान कराया गया, जिसे अभ्यंग स्नान कहा जाता है। कार्तिक मास की चौदस से सर्दियों की शुरुआत मानी जाती है, इसलिए ठंड से बचाव के लिए भगवान महाकाल को गर्म जल से स्नान कराने की परंपरा है।

**आज दिवाली पर लगेगा अन्नकूट का भोग** : पुजारी महेश गुरु ने बताया कि भगवान महाकाल मृत्युलोक के राजा माने जाते हैं। दिवाली पर्व पर भगवान को अन्नकूट का भोग लगाया जाता है। इसमें धान, खाजा, शक्करपारे, गूंजे, पपड़ी, मिठाई सहित कई व्यंजन शामिल होते हैं। साथ ही भोग की थाली में विशेष रूप से मूली और बैंगन की सब्जी भी अर्पित की जाती है। दिवाली पर महाकाल मंदिर को देश-विदेश के फूलों से सजाया जाएगा।

### अवकाश की सूचना

दीवाली पर्व के अवसर पर कार्यालय में सोमवार (20 अक्टूबर) को अवकाश रहेगा। अतः अखबार का अगला अंक (बुधवार)22 अक्टूबर को प्रकाशित होगा।

सभी संवाददाताओं, पाठकों, विज्ञापन दाताओं व शुभचिंतकों को दीवाली की शुभकामनाएं।

-संपादक



### लक्ष्मी पूजा का शुभ मुहूर्त

वैदिक पंचांग के अनुसार, कार्तिक माह की अमावस्या तिथि 20 अक्टूबर को 03 बजकर 44 मिनट पर शुरू हो रही है। वहीं, इस तिथि का समापन अगले दिन 21 अक्टूबर को 05 बजकर 54 पर होगा। ऐसे में इस बार दीवाली 20 अक्टूबर को मनाई जाएगी।

लक्ष्मी पूजा मुहूर्त - शाम 07 बजकर 08 मिनट से रात 08 बजकर 18 मिनट तक ।

प्रदोष काल - शाम 05 बजकर 46 मिनट से रात 08 बजकर 18 मिनट तक

वृषभ काल - रात 07 बजकर 8 मिनट से रात 09 बजकर 03 मिनट तक

### मां लक्ष्मी के मंत्र

या रक्ताम्बुजवासिनी विलासिनी चण्डांशु तेजस्विनी।
या रक्ता रुधिराम्बरा हरिसखी या श्री मनोल्हादिनी॥
या रत्नाकरमन्थनात्प्रगटिता विष्णोस्वया गेहिनी।
सा मां पातु मनोरमा भगवती लक्ष्मीश्च पद्मावती ॥

### इसरो को मिली बड़ी सफलता, चंद्रयान-2 ने पहली बार दी सूरज के प्रभाव की जानकारी



**चेन्नई,एजेंसी।** चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव पर उतरकर इतिहास रचने वाले चंद्रयान-2 ने एक बार फिर नई जानकारी जुटाई है। सूर्य के चांद पर पड़ने वाले असर का चंद्रयान-2 ने पता लगाया है। इसरो ने शनिवार (18 अक्तूबर ) को इसकी जानकारी साझा की है। अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि इस अवलोकन से चंद्रमा के बाह्यमंडल, चंद्रमा के अत्यंत विरल वायुमंडल और उसकी सतह पर अंतरिक्ष मौसम के प्रभाव को समझने में मदद मिलेगी।

बिहार विधानसभा चुनाव

# पीएम मोदी फूंकेंगे चुनावी बिगुल चार दिन में 12 जनसभाओं को करेंगे संबोधित

**नई दिल्ली,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दीपावली के बाद 23 अक्तूबर से बिहार विधानसभा चुनाव में प्रचार का बिगुल बजाएंगे। पूरे चुनाव में प्रधानमंत्री चार दिन सूबे को देंगे और प्रतिदिन तीन-तीन जनसभाओं को संबोधित करेंगे। उनकी जनसभाओं का आगाज 23 अक्तूबर को सासाराम से होगा। इसी दिन पीएम गया और भागलपुर में भी जनसभाओं को संबोधित करेंगे। मोदी और नीतीश 2025-2030 के नारे के साथ चुनाव मैदान में उतरे सीएम नीतीश कुमार समेत राजग के सभी नेता जनसभाओं में शिरकत करेंगे।

भाजपा के रणनीतिकारों के मुताबिक पीएम इसके बाद 28 अक्तूबर को मिथिलांचल और राज्य की राजधानी का रुख करेंगे। इस क्रम में दरभंगा, मुजफ्फरपुर में जनसभाओं को संबोधित करने के बाद पटना में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे।



### बढ़ सकती है जनसभाओं की संख्या

भाजपा सूत्रों का कहना है कि चूंकि दूसरे चरण का चुनाव 11 नवंबर को है और पहले चरण के मतदान के बाद तीन दिन का समय बचेगा।ऐसे में जरूरत पड़ी को प्रधानमंत्री का एक और कार्यक्रम बनाया जा सकता है। हालांकि अब तक 3 नवंबर तक के कार्यक्रम को ही अंतिम रूप दिया गया है।

**विकास व घुसपैठ होगा मुद्दा** :प्रधानमंत्री अपने भाषण में विकास और घुसपैठ को केंद्र में रखेंगे।इस दौरान केंद्र में राजग सरकार के आगमन के बाद राज्य में हुए विकास कार्यों को गिनाएंगे। इसके अलावा सीमांचल सहित कई क्षेत्रों में विदेशी घुसपैठ के कारण बदली जनसांख्यिकी से उत्पन्न खतरे से भी आगाह कराएंगे। प्रधानमंत्री के भाषणों में नारी सशक्तिकरण का मुद्दा भी अहम होगा। खासतौर से केंद्र और राज्य सरकार द्वारा आधी आबादी के स्वरोजगार के लिए शुरू की गई योजनाओं का जिक्र उनके भाषणों में होगा।

राबड़ी आवास के बाहर नेता ने कुर्ता फाड़ा, जमकर रोया

## बोला- टिकट के लिए 2.70 करोड़ मांगे गए ; आरजेडी की पहली लिस्ट में 52 नाम

**नई दिल्ली/पटना ,एजेंसी।** महागठबंधन में टिकट की खींचतान के बीच रविवार सुबह राबड़ी आवास के बाहर टिकट के लिए पूर्व प्रत्याशी मदन साह ने अपना कुर्ता फाड़ लिया।वे सड़क पर रोते-बिलखते नजर आए।उन्होंने कहा- संजय यादव ने मधुबन विधानसभा से टिकट देने के एवज में 2.70 करोड़ मांगे, रकम नहीं तो टिकट किसी और को दे दिया है।बिहार चुनाव के पहले फेज की वोटिंग में सिर्फ 19 दिन बाकी हैं। 20 अक्टूबर को पहले फेज के चुनाव के लिए नामांकन वापस लेने का आखिरी दिन है, लेकिन महागठबंधन में अब तक सीट शेयरिंग को लेकर साझा बयान नहीं आया।



पटना में बरसे अमित शाह

# बोले-घुसपैठियों को पाल-पोसकर वोटबैंक बनाने वालों को एसआईआर से दर्द होता है

**पटना,एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि घुसपैठियों को पाल-पोसकर वोट बैंक बनाने की कोशिश करने वालों को एसआईआर से दर्द होता है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी जो वोट चोरी का हल्ला मचा रहे हैं। वह जानते हैं कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से घुसपैठियों को बाहर निकाला जाएगा, यही कारण है उनकी बौखलाहट का। शाह ने कहा, भाजपा इस बात का पुरजोर समर्थन करती है कि पूरे देश में एसआईआर लागू हो और चुन-चुनकर घुसपैठियों को मतदाता सूची से हटाया जाए।

पटना में दो मीडिया समूहों के एक आयोजन में शाह ने कहा कि भाजपा शासित असम में घुसपैठ रुक गई है, लेकिन पड़ोसी पश्चिम बंगाल में यह जारी है। क्योंकि वहां की सरकार अवैध प्रवासियों का लाल कालीन स्वागत कर रही है। देश में घुसपैठियों के लिए केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर दोष मढ़ने वाले विपक्ष के दावे पर शाह ने कहा, लुटियंस दिल्ली में बैठे लोगों को पता ही नहीं है कि सीमाएं कैसी हैं। बांग्लादेश से लगी सीमा पर घने जंगल और तेज नदियां हैं, जो मानसून के दौरान उफान पर होती हैं। बाड़ लगाना असंभव है, और चौबीसों घंटे निगरानी भी। सीमा पर तैनात सुरक्षाकर्मियों की नावें भी अक्सर बह जाती हैं।



### शाह की बिहार के लोगों से अपील...नया मुखौटा पहने जंगल राज पर भरोसा न करें

शाह ने बिहार की जनता से नया मुखौटा पहने जंगलराज पर भरोसा नहीं करने की अपील की है।उन्होंने कहा, पिछले 20 वर्षों में हमने इस राज्य को नरक से बाहर निकाला है।अब समय है कि इस मजबूत नींव पर एक मजबूत संरचना तैयार की जाए। मैं जनता से अपील करता हूं कि वे जंगलराज लाने वालों पर भरोसा न करें, चाहे वे किसी नए चेहरे या गठबंधन के रूप में क्यों न आएं।उन्होंने कहा आगे कहा कि राष्ट्रीय जनता दल नीत इंडिया गठबंधन दरअसल जंगलराज का नया रूप है, जबकि राजग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार को स्थिरता और प्रगति की राह पर आगे बढ़ाया है।उम्मीद है कि जनता राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को बिहार में सत्ता बरकरार रखेगी।

उन्होंने कहा कि मेरा कहना यह है कि जब पड़ोसी देश का कोई व्यक्ति हमारे इलाके में घुसता है, तो क्या इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस थाने और पटवारी को नहीं हो सकती? ये अधिकारी कदम क्यों नहीं उठाते? क्योंकि उन्हें ऊपर से आदेश मिला है कि इन घुसपैठियों का लाल कालीन बिछाकर स्वागत किया जाए। शाह ने कहा, गुजरात, राजस्थान, असम में घुसपैठ नहीं होती, क्योंकि वहां भाजपा सरकार है।

**क्या सिर्फ मुस्लिम होने की वजह से किसी घुसपैठिए को बख्श देना चाहिए** :शाह ने कहा कि घुसपैठ पर राजद और कांग्रेस ध्रुवीकरण की राजनीति कर रही है। क्या सिर्फ मुस्लिम होने की वजह से किसी घुसपैठिए को बख्श देना चाहिए? शाह बोल कि बांग्लादेश और पाकिस्तान से आए हुए हिन्दू, बौद्ध और सिख शरणार्थियों का इस देश में उतना ही अधिकार है जितना इस देश के लोगों का है।

**31 मार्च 2026 से पहले देश नक्सली हिंसा से मुक्त होगा** :शाह ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि देश अगले साल 31 मार्च से पहले नक्सली हिंसा से मुक्त होगा।


### बिहार के लोगों को मिल रहा राजग की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ

शाह ने कहा कि बिहार के लोगों को राजग सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का निरंतर लाभ मिल रहा है।उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 8.52 करोड़ लोगों को हर माह पांच किलो मुफ्त अनाज, 87 लाख किसानों को किसान सम्मान निधि, 52 लाख किसानों को फसल बीमा, 3.53 लाख लोगों को आयुष्मान भारत योजना के तहत मुफ्त इलाज, 1.57 करोड़ महिलाओं को उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर, और 44 लाख बेघर लोगों को आवास उपलब्ध कराए गए हैं।

दिल्ली में साल 2028 से एयर टैक्सी की शुरुआत संभव

# 3 घंटे तक का सफर 10 से 12 मिनट में पूरा होगा, शुरुआती किराया 500 होगा

**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारत में 2028 तक एयर टैक्सी उड़ान भरने लगेंगी। ये कहीं से भी सीधे उड़ान भर सकती हैं और कहीं भी लैंड कर सकती हैं। पंजाब के मोहाली स्थित स्टार्टअप नलवा एयरो ने स्वदेशी ईवीटॉल (इलेक्ट्रिक वर्टिकल टेक-ऑफ एंड लैंडिंग) एयर टैक्सी विकसित की है। DGCA ने इसे डिजाइन ऑर्गेनाइजेशन अप्रूवल (डीओए) सर्टिफिकेट भी दे दिया है। नलवा एयरो के सीईओ कुलजीत सिंह संधू के मुताबिक-कोविड-19 में एक मित्र ने इमरजेंसी मेडिकल इवैक्युएशन की जरूरत बताई। आसपास कोई एयर एम्बुलेंस या हेलीपैड नहीं था। तभी विचार आया कि क्यों न ऐसी



मशीन बनाएं जो कहीं से भी वर्टिकल टेक-ऑफ और लैंडिंग कर सके।

उन्होंने कहा कि इसका डिजाइन चरण पूरा हो चुका है। सब-स्केल प्रोटोटाइप अगले एक माह में तैयार हो जाएगा। यह किफायती एयर मोबिलिटी मध्यम और निम्न मध्यम वर्ग को ध्यान में रखकर तैयार की जा रही है। शुरू में दिल्ली-एनसीआर में लॉन्च होगी। आईजीआई एयरपोर्ट से आनंद विहार, नोएडा, गाजियाबाद और पानीपत जैसी जगहों तक सड़क से जाने में एक से 3 घंटे लगते हैं। ईवीटॉल एयर टैक्सी 10 से 12 मिनट में पहुंचा देगी। आईजीआई एयरपोर्ट से आनंद विहार का शुरुआती किराया लगभग 500 रु. प्रति व्यक्ति रहने का अनुमान है। दिल्ली के बाद ये मुंबई, कोलकाता और बेंगलुरु सहित अन्य मेट्रो शहरों में भी दिखेंगी।

**8 रोटर सिस्टम, क्रैश नहीं होगा** : संधू के अनुसार ईवीटॉल में 8 रोटर सिस्टम हैं। दो फेल भी हो जाएं तो विमान क्रैश नहीं होगा। तीन बंद होने पर सुरक्षित लैंडिंग संभव है। यह हेलिकॉप्टर से सुरक्षित है। हेलिकॉप्टर की तुलना में 10 गुना शांत और परिचालन लागत में 90% से अधिक सस्ती होगी। हेलिकॉप्टर का परिचालन खर्च 5 लाख रु. प्रति घंटे तक पहुंच सकता है, जबकि ईवीटॉल की लागत इसके 10% से भी कम रहेगी।

# चीन सीमा से थल सेनाध्यक्ष की पाकिस्तान को चेतावनी, बोले- ऑपरेशन सिंदूर जारी है

**पिथौरागढ़ ,एजेंसी।** थल सेनाध्यक्ष उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर बंद नहीं हुआ है, वह जारी है। भारतीय सेना इसके लिए तैयार है। हमारे जवानों को नई तकनीक का मर्मज्ञ बनना होगा। तकनीक के सहारे नए तौर तरीके सीखने होंगे।

थल सेनाध्यक्ष शनिवार को 12 कुमाऊं भड़कटिया खेल मैदान में सैनिकों और पूर्व सैनिकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सैनिक को प्रोफेशनल सैनिक बनना होगा।किसी भी ऑपरेशन में तत्काल और प्रभावी ढंग से अंजाम देने के लिए तैयार रहना होगा।किसी भी कार्य को जल्दी से जल्दी करने का कौशल विकसित करना होगा। सेनाध्यक्ष ने कहा कि हर सैनिक को तकनीकी रूप से इतना सक्षम होना होगा कि वह अपनी लोकेशन दे सके। इसके लिए सेना सैनिकों को जिम, गेम ,एडवेंचर करा रही है।उन्होंने कहा कि सैनिकों को मानवीय सहायता के लिए भी तैयार रहना होगा। अपने संबोधन में सेनाध्यक्ष ने सैनिकों का हौसला आफजाई



करते हुए कहा कि सैनिक अपने लोक व्यवहार में बदलाव में समर्थ हे जो अपने उल्लेखनीय कार्यों से अपनी विशिष्ट पहचान कर अन्य लोगों को भी प्रोत्साहित कर सकते हैं। श्री द्विवेदी ने सोशल मीडिया पर बोलते हुए कहा कि यह जरुरी भी है परंतु इसके खतरे भी हैं। इसका उपयोग सोझ समझ कर ही करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सेना सबसे बड़ी विशेषता एकता है। उन्होंने कहा के पूर्व सैनिकों की महत्ता को समझना होगा ।

# रेलवे स्टेशनों पर बिहार-यूपी जाने वालों की भारी भीड़,सूरत में 15 हजार से ज्यादा यात्रियों ने सड़क पर बिताई रात

### दिल्ली में खचाखच भरे प्लेटफॉर्म

**सूरत,एजेंसी।** दिवाली, छठ पूजा और बिहार विधानसभा चुनाव के चलते उत्तर भारत जाने वाले यात्रियों की भारी भीड़ देश के कई रेलवे स्टेशनों और बस स्टैंड पर है। रेलवे यात्रियों की सबसे ज्यादा भीड़ दिल्ली, सूरत और सूरत के उधना स्टेशन है। पैसेंजर्स ट्रेनों का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन ट्रेनें फुल होने के चलते मुश्किलें आ रही हैं। सरत में हजारों लोग टिकट होने के बावजूद ट्रेन में सवार नहीं हो पा रहे हैं। स्टेशन से लेकर रिहायशी इलाकों तक यात्रियों की लाइनें लग गई हैं। 12 से 18 घंटे से भूखे-प्यासे लोग बस एक ही गुहार लगा रहे हैं कि घर जाना है, लेकिन ट्रेनों में जगह नहीं मिल रही है।

**सूरत के उधना में लगी 2 किमी लंबी लाइन** : सूरत के उधना रेलवे स्टेशन के बाहर



शनिवार शाम से ही भीड़ लगनी शुरू हो गई थी। ट्रेनों में जगह न मिलने से कुछ लोगों दो-तीन बार टिकट भी कैंसिल करवाए।

### उत्तर भारत की ओर जाने वाली ट्रेनें फुल

रेलवे प्रशासन को पता था कि रविवार को सबसे ज्यादा भीड़ होगी, इसके बावजूद शुक्रवार रात 8 बजे से शनिवार रात 11 बजे तक केवल दो ट्रेनें ही रवाना हुई। इसके चलते शनिवार को स्टेशन के बाहर करीब 2 किमी लंबी लाइन लग गई थी। सबसे ज्यादा परेशानी बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को हो रही है। अब उनका गुस्सा भी फूट पड़ा है क्योंकि वे भूखे-प्यासे लंबी कतारों में खड़े हैं। इसके बाद भी यह तय नहीं है कि ट्रेन मिलेगी या नहीं।

**पश्चिम रेलवे ने 21 स्पेशल ट्रेनें चलाई-** संभावना है कि रविवार को सुबह से रात तक 7,000 से ज्यादा लोग ट्रेन से अपने गृहनगर जाएंगे। इसके लिए पश्चिम रेलवे ने 21 ट्रेनों का इंतजाम किया है। हालांकि, इन ट्रेनों का इंतजाम काफी लेट करने से लोग नाराज हैं। अगर स्पेशल ट्रेनों का इंतजाम पहले ही हो जाता तो पैसेंजर्स को इतना परेशान नहीं होना पड़ा।

# छात्रों ने मनाई ग्रीन एंड क्लीन दिवाली, रंगोली बनाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** शहर के आदर्श कॉलोनी स्थित संजीवनी संस्कार स्कूल में दीपावली के अवसर पर ग्रीन एंड क्लीन दिवाली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण व सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण का संदेश दिया। इस मौके पर स्कूल के बच्चों ने भगवान श्रीराम, माता सीता, हनुमान जी और माँ लक्ष्मी के स्वरूपों का जीवंत अभिनय कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात करना और भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूकता पैदा करना था। छात्रों ने रंगोली बनाकर न केवल विद्यालय प्रांगण को सजाया, बल्कि पर्यावरण की महत्ता पर भी प्रकाश डाला। रंगोली प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों ने प्रदूषणमुक्त दिवाली मनाने व पटाखों का प्रयोग न करने का संकल्प लिया। इसके साथ ही तोरण निर्माण, पोस्टर मेकिंग, और लालटेन बनाने जैसी विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों का भी आयोजन किया गया, जिससे बच्चों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित हो सके। इस अवसर पर संजीवनी नर्सिंग होम एवं मैटरनिटी सेंटर के संस्थापक और स्कूल के निदेशक, प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. अनिल कुमार ने एक सराहनीय पहल करते हुए दीपावली से चार दिन पूर्व से ही अस्पताल में आने वाले मरीजों को मिट्टी के दीपक भेंट किए और इस बार केवल मिट्टी के दीपक जलाकर दिवाली मनाने की अपील की। डॉ. कुमार ने कहा कि ÷हमारे सांस्कृतिक परंपराएं हमारी पहचान हैं। आधुनिकता की दौड़ में हम अपने मूल्यों को न भूलें। मिट्टी के दीपक न सिर्फ पर्यावरण के अनुकूल हैं, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक विरासत को भी जीवंत रखते हैं।÷ उन्होंने यह भी बताया कि पटाखों से होने वाला प्रदूषण न सिर्फ वातावरण को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि यह स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक है।कार्यक्रम के अंत में डॉ. कुमार ने विद्यालय के सभी शिक्षकों, शिक्षिकाओं और सफाईकर्मियों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए दीपक और उपहार भेंट किए। इस मौके पर डॉ संजू प्रसाद, स्नेहा कुमारी, इंचार्ज बृजेश कुमार, प्रचार्या ज्योति सिंह, अनिशा, प्रियांशु, आरती, चंदा, शिशिर श्रीवास्तव, एसपी मिश्रा, काजल कुमारी, कल्पना, सुरभि, स्वेता सिंह, रीता देवी, मुन्नी देवी, शैलेश कुमार यादव, दुर्गा कुमारी, गुड्डु कुमार, दशरथ राय, लक्ष्मण कुमार यादव, उमेश राय समेत संजीवनी नर्सिंग होम के समस्त स्टाफ समेत इत्यादि मौजूद थे।

# सिताब दियारा में खेसारी को देखने पहुंची भीड़ अनियंत्रित

**दैनिक खोज खबर/ मांझी(सारण)।** शनिवार की देर शाम सिताब दियारा के लाला टोला स्थित जेपी ट्रस्ट भवन पहुंचे प्रसिद्ध भोजपुरी गायक व अभिनेता तथा छपरा विधानसभा के प्रत्यासी खेंसारी लाल यादव को देखने हेतु उमड़ी हजारों लोगों की अनियंत्रित भीड़ की वजह से जेपी को नमन किये बगैर तथा लोगों से मिले बगैर छपरा वापस लौटना पड़ा। ट्रस्ट भवन के सामने पहले से भारी संख्या में जमीन अतिउत्साही कार्यकर्ताओं ने जनसम्पर्क अभियान के लिए निकले राजद नेताओं के अरमानों पर पानी फेर दिया। शाम के लगभग साढ़े आठ बजे अपने काफिले के साथ जेपी ट्रस्ट भवन पहुंचे भोजपुरी एक्टर का एक झलक पाने को उमड़ी भीड़ ने गाड़ी से उतरते ही उन्हें बाहर घेर लिया और सेल्फी लेने लगे। बाद में स्थानीय राजद नेताओं ने कड़ी मशक्कत कर उनको किसी तरह ट्रस्ट भवन में प्रवेश कराया। हालांकि गेट खुलते ही सैकड़ों की संख्या में प्रशंसक ट्रस्ट भवन में भी घुस गए। अत्यधिक भीड़ की वजह से वे जेपी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने से भी वंचित रह गए। बाद में स्थानीय लोगों द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से खेंसारी लाल यादव समेत उनके साथ आये लोगों को एक कमरे में बन्द कर दिया गया ताकि अतिउत्साही युवकों की भीड़ से उन्हें सुरक्षित बचाया जा सके। हालांकि लगभग आधे घण्टे बाद मौके पर पहुंची यूपी पुलिस ने भोजपुरी कलाकार को किसी तरह कमरे से बाहर निकाला और सुरक्षा के घेरे में उन्हें छत छत तक पहुंचाया जहां से उन्होंने हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन किया। इधर छत पर भी अनेक युवक पहुंच गए। फिर अचानक पुलिस ने उन्हें चोरी छिपे पीछे के दरवाजे से बाहर निकाल दिया। उसके बाद लोगों से मिले बिना वे गाड़ी में बैठकर वहां से छपरा के लिए रवाना हो गए। अव्यवस्था की वजह से खेंसारी लाल यादव से मिलने से वंचित उनके प्रशंसक निराश होकर अपने घर लौट गए। इससे पहले स्थानीय बलिया मोड़ पर पहुंचे खेंसारी लाल यादव का कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर मांझी नगर पंचायत के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि बिट्टू राय, बुलबुल मिश्रा, मुन्ना सिंह, मयंक ओझा, गोपाल शर्मा, मोती यादव, कुशजी सिंह समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

# मशरक-एकमा पथ के टूटे हिस्से को लायंस क्लब ऑफ मशरक ने मरम्मत कराया



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के शास्त्री टोला पुल के पास मशरक एकमा पथ का 40 प्रतिशत हिस्सा टूटकर गढ़ा हो गया था। जिससे प्रायः दुर्घटना के लोग शिकार होते थे। यहां तक कि चुनाव को लेकर गश्ती पर निकले स्थानीय पुलिस एवं अर्धसैनिक को भी हमेशा परेशानी होती थी। इसकी मरम्मती को लेकर स्थानीय प्रशासन एवं संवेदक की चुप्पी से आमलोगों लोगों की परेशानी देख लायंस क्लब ऑफ मशरक ने अध्यक्ष लायन डॉ अवनींद्र शरण सिंह के नेतृत्व में रविवार को टूटे हिस्से गढ़े में ईंट गिट्टी डाल जेसीबी से बराबर कराया। मौके सीआईएसएफ के जवानों ने ट्रैफिक में सहयोग किया। इस दौरान लायन सुधांशु कुमार , लायन रवीश कुमार सानू , लायन अमित कुमार, लायन अश्विनी गौतम , लायन संजय कुमार सिंह , दिनेश कुमार सिंह सहित अन्य ने सहयोग किया।

## तस्करों द्वारा नायाब तरीके से छुपाकर रखी गई 80 लीटर देशी तथा 26 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** रविवार को अहले सुबह शराब माफियाओ के विरुद्ध मांझी थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। स्थानीय पुलिस ने थाना क्षेत्र के डुमरी से ड्यूमाइगढ बांध से तीन अलग अलग बाइक के भीतर तस्करों द्वारा नायाब तरीके से छुपाकर रखी गई 80 लीटर देशी तथा 26 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया है। पूछे जाने पर थानाध्यक्ष आशीष कुमार ने बताया की रविवार की सुबह गुप्त सुचना मिली थी कि डुमरी बाँध के रास्ते पर तीन अलग अलग बाइक से बड़ी मात्रा मे शराब लेकर जाया जा रहा है।सूचना के आलोक में पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त स्थल पर छापेमारी की गई तथा मौके से तीन बाइक को बरामद किया गया तथा एक तस्कर को भी गिरफ्तार कर लिया गया। अन्य दो तस्कर बाइक छोड़कर भागने मे सफल रहे। बाद में पुलिस द्वारा तीनों बाइक की बारीकी से तलाशी ली गई तो बाइक के भीतर बने तहखाने से शराब का जखीरा बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के अलावा दो अन्य कारोबारियों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा छापेमारी की जा रही है।

## अज्ञात वाहन के ठोकर लगने से एक वृद्ध गम्भीर रूप से जख्मी

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** यूपी बिहार को सड़क मार्ग से जोड़ने वाले जय प्रभा सेतु पर रविवार की शाम अज्ञात वाहन के ठोकर लगने से एक वृद्ध गम्भीर रूप से जख्मी हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची चांद दीयर पुलिस चौकी की पुलिस ने उसे मांझी सीएचसी लाया जहां चिकित्सकों ने जांचोपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक मांझी थाना क्षेत्र के खजुहटी गांव निवासी पूरन बीन का पुत्र सोहन बीन उम्र 65 वर्ष बताया जाता है। बाद में पुलिस ने मृतक की जेब से मिली डायरी के आधार पर मटियार पंचायत के पूर्व मुखिया प्रतिनिधि जयप्रकाश महतो को फोन करके घटना की जानकारी दी। ततपश्चात उन्होंने परिजनों को मामले की जानकारी दी। बाद में परिजनों से बातचीत के बाद मिली जानकारी के मुताबिक मृतक बलिया जनपद के ठेकहाँ गांव से अपनी बेटी के घर से मिलकर वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी बीच किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें ठोकर मार दिया जिसमें वे गम्भीर रूप से जख्मी हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद मांझी थाना पुलिस अस्पताल में पहुंच कर मामले की छानबीन में जुट गई।

## घोघाड़ी नदी में डूबने से युवक की मौत, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम में भेजा

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के पूरब टोला गांव में घोघाड़ी नदी में डूबने से युवक की मौत हो गई। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया। मृतक की पहचान मशरक तख्त गांव निवासी अनिल ठाकुर उम्र 40 वर्ष स्व जगदीश ठाकुर के रूप में हुई। परिजनों ने बताया कि नागालैंड में रहता था और छठ पूजा को लेकर गांव आया था और शौच के लिए नदी किनारे गया था जहा पानी के लिए नदी किनारे जानें पर पैर फिसलने से गहरे पानी में चला गया। स्थानीय लोगों के द्वारा शव को गहरे पानी से निकाला गया तब तक उसकी मौत हो गई थी। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मशरक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई जहां चिकित्सक डॉ चन्द्रशेखर सिंह ने पहले ही मौत हो जाने की बात बताई। मृतक शादीशुदा हैं और दो छोटे छोटे बच्चे हैं। मृतक की पत्नी का रो रो कर बुरा हाल है। मौके पर नगर पंचायत चेयरमैन सोहन महंतों और पूर्व मुखिया छोटा संजय ने पहुंच पीड़ित परिवार को सांत्वना दी।

# प्रकाश पर्व दिपावली आज, दीपों से रोशन होंगे घर-द्वार, घर-घर विराजेंगे मान लक्ष्मी-गणेश



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सनातन धर्म में हर पर्व का अलग-अलग महत्व है। उसी में से एक पर्व है दीपावली जो कार्तिक मास के अमावस्या के मनायीं जाती है.यह पर्व बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है।दिन व रात धूमधाम के साथ लोग प्रकाश के त्योहार दीपावली पर्व को मनाते है। इस दीपावली पर्व को शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए पूरा शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रो में रंग-बिरंगी लाइटों से सज धज कर घर से लेकर बाहर तैयार है। आज शाम ढलते ही हर गली-मोहल्ला रोशनी से जगमग करेंगे । घरों व मंदिर के बाहर फूलों व डिजाइनर झालरों की सजावट से सजी हुई है। उत्साह और उमंग के साथ लोग बाजार में पहुंच कर लक्ष्मी गणेश के मूर्ति व पूजन से जुड़ी सामान की खरीदारी कर रहे हैं। दीपावली पर्व को लेकर घरों, प्रतिष्ठानों व मंदिरों में मां लक्ष्मी व भगवान गणेश के विधि विधान के साथ पुजन श्रद्धालु गण करेंगे और हर घरो, दुकानों, प्रतिष्ठानों में माँ लक्ष्मी व भगवान गणेश विराजेंगे। कही कही पर माँ काली की भी पूजा धूमधाम से की जाएगी। लोक सेवा आश्रम के संत शिरोमणि मौनी बाबा ने रविवार को बताया कि कार्तिक अमावस्या में ही देव-दानव युद्ध के काल में समुद्र मंथन से माता लक्ष्मी प्रकट हुई थी। इसी दिन धन की देवी माता लक्ष्मी के साथ-साथ बुद्धि के देवता विघ्नहर्ता गणेश जी और कोषाध्यक्ष कुबेर जी की भी पूजा होती है। इस दिन कुबेर यंत्र और श्री यंत्र की पूजा करना बेहद शुभ माना जाता है।दिवाली की पूजन में बाईं ओर मुड़ी सूंड वाले गणेश जी की स्थापना करनी चाहिए साथ ही गणेश जी हमेशा लक्ष्मी जी के बाईं ओर बैठें रहना चाहिए.पूजा स्थान उत्तर-पूर्व दिशा (ईशान कोण) में होना चाहिए। कार्तिक अमावस्या के मध्य रात्रि में भक्तगण व ओझा गुणी माता काली, तारा और भुवनेश्वरी की पूजा करते है.पुरानी कहावत है कि कार्तिक अमावस्या को ही माता काली चौंसठ हजार योगियों के साथ मध्य रात्रि में प्रकट हुई थी। माता काली को संहार की देवी के रुप में माना जाता है। इस दिन ओझा गुणी एकांत अवस्था में रात्रि में अपने तंत्र-मंत्र के साधना करते हैं। हरिहरनाथ मंदिर के अर्चक पवन शास्त्री ने बताया कि माँ लक्ष्मी व गणेश के पुजन मुहूर्त शुभ मुहूर्त 07~08 पी एम से 08~18 पी एम जबकि माँ लक्ष्मी गणेश पूजन का शाम 5 बजकर 51 मिनट से 8 बजकर 30 मिनट तक प्रदोष बेला रहेगी द्वतीय लग्न रात्रि 7 बजकर 18 से नौ बजकर 15 तक रहेगा। सिंह लग्न मध्य रात्रि उपरांत 01 बजकर 48 मिनट से चार बजे तक रहेगा। चरखा चौघड़िया समय पांच बजकर 51 मिनट से रात्रि सात बजकर 26 मिनट तक रहेगा। लाभ का चौघड़िया रात्रि दस बजकर 37 मिनट से बारह बजकर बारह मिनट तक शुभ रहेगा। शुभ अमृत का चौघड़िया मध्य रात्रि उपरांत एक बजकर 48 मिनट से चार बजकर 58 मिनट तक रहेगा।

## नहर से अज्ञात महिला का शव बरामद, पुलिस जांच में जुटी

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के 37 आरडी से नहर से अज्ञात महिला का शव बरामद किया गया। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया। मौके पर डीएसपी संजय कुमार सुधांशु और थानाध्यक्ष रंजीत कुमार पासवान ने दल के साथ पहुंच मामले की जांच पड़ताल की। फॉरेंसिक जांच की टीम भी पहुंची और जांच पड़ताल की। बताया गया कि ग्रामीणों की सूचना मिलने पर नहर से शव बरामद किया गया जो गला अवस्था में है और महिला का हैं जिसकी उम्र 45 वर्ष के लगभग-लगभग हैं।



# भाजपा सारण पश्चिमी द्वारा दिवंगत अध्यक्ष के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन




**दैनिक खोज खबर/जलालपुर(सारण)।**भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं,जिला इकाई के सभी पदाधिकारी,मंच मोर्चा के सभी पदाधिकारी,मंडलों के सभी पदाधिकारी एवं उनसे स्नेह रखने वाले सभी सदस्यो द्वारा पार्टी कार्यकर्ताओं के प्रेरणा स्रोत, भारतीय जनता पार्टी सारण पश्चिम के जिला अध्यक्ष रहे स्वर्गीय बृजमोहन सिंह के लिए श्रद्धांजलि सभा सीमावर्ती बनियापुर के सीताराम विवाह वाटिका मे 11ः00 बजे से आयोजित की गई। उनके प्रति श्रद्धांजलि व्यक्त करते हुए भाजपा सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने कहा कि हमने अपने बहुमूल्य साथी को खोया है जिसकी पूर्ति संभव नहीं है। यह एक बहुत बड़ी क्षति है।उस क्षति को पूर्ण करना असंभव सा दिख रहा है।उनके किए हुए कार्य को कभी भुलाया नहीं जा सकता है।उन्होंने खून पसीना देकर पार्टी को सींचने का काम किया है। मौके पर जिलाध्यक्ष उमेश तिवारी,विधानसभा प्रत्याशी केदार नाथ सिंह ,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रमोद सिग्रीवाल , मांझीविधान सभा के प्रत्याशी रणधीर सिंह,भाजपा नेता आनंद शंकर , अजित सिंह जदयू युवा के प्रदेश उपाध्यक्ष ऋतुराज सिंह , जिला उपाध्यक्ष रामाशंकर मिश्र शांडिल्य ,जिला कोषाध्यक्ष संजीव मिश्रा , सारण पूर्वी जिला अध्यक्ष रंजीत सिंह,भाजपा नेत्री प्रियंका सिंह , चैतेंद्र नाथ सिंह ,सोशल मीडिया प्रभारी सारण पश्चिमी दीपु चतुर्वेदी, मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा, मनिभुषण दुबे, जितेंद्र पुरी, धीरज सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# सारण के सभी सीटे एनडीए की खाते में जाएगी- रूडी



**दैनिक खोज खबर/अमनौर(सारण)।** भाजपा सांसद राजीव प्रताप रूडी के अमनौर आवासीय परिसर में एनडीए कार्यकर्ताओ की बैठक में एनडीए प्रत्याशी कृष्ण कुमार मंटू की जीत का मंत्र दिया गया. रविवार को आयोजित बैठक में पूर्व केंद्रीय मंत्री व भाजपा सांसद राजीव प्रताप रूडी ने एनडीए कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए कहा की कार्यकर्त्ता संकल्प के साथ चुनाव में लग जाएं. इस बार भी अमनौर विधानसभा से एनडीए प्रत्याशी मंटू सिंह को जीत दिलाकर विधानसभा में भेजने का काम करे. उन्होंने कहा की बिहार में फिर नितीश कुमार के नेतुत्व में एनडीए की सरकार पूर्ण बहुमत से बनेगी. सारण के सभी सीटे एनडीए की खाते में जाएगी . वहीं कृष्ण कुमार मंटू ने कहा की राहुल गाँधी व तेजस्वी यादव सिर्फ झूठा वादा करते है. बिहार की जनता समझ चुकी है इस बार एनडीए 225 सीटे जीतकर फिर से सरकार बनाएंगा. महागठबंधन को बिहार की बिकाश की नहीं अपने परिवार की उथान की चिंता है. जबकि एनडीए गरीब, किसान युवा और महिलाओ को भविष्य को मजबूत करने में लगा है. नीतीश कुमार के नेरतूत्व में हर गांव में बिजली, सरक, हर घर में नल जल, राज्य में हाइवे का जाल और महिलाओ को 35त्न आरक्षण जैसी उपलब्धि किया है. बैठक में एनडीए की पांच साल के विकास कार्यों की बिस्तृत रूप से चर्चा की गई. जबकि सांसद श्री रूडी ने सभी कार्यकर्ताओं को गमछा देकर सम्मानित किया.उक्त मौके पर भाजपा नेता राकेश सिंह, जिला अध्यक्ष रणजीत सिंह,मंडल अध्यक्ष अभिषेक सिंह, निरंजन शर्मा,दीपक सिंह, ठाकुर अभिषेक सिंह, मुखिया प्रतिनिधी मुनचुन सिंह दिलीप सिंह, दिलीप साह. अंगद सिंह, अजय सिंह, रौनक सिंह, पंकज सिंह समेत सैकड़ो एनडीए कार्यकर्त्ता मौजूद थे.

# विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी के टिकट नहीं मिला तो सोशल मीडिया में छलका दर्द

**दैनिक खोज खबर /सोनपुर।** लोकतंत्र के महापर्व में प्रमुख राजनीतिक पार्टी से जुड़े नेताओं का टिकट पार्टी से नहीं मिलने पर अपना दर्द भरी दस्ता सुनाने के लिए शोशल मिडिया के माध्यम से दर्द को वखान कर रहे है लेकिन उस दर्द को जनता अहमियत नहीं दे रहे है। जिन नेताओं ने टिकट की उम्मीद लगाए रखा था उसे पार्टी ने निराश किया। नेताओं को टिकट भी नहीं मिला और जो दो से तीन वर्ष पहले से लाखों लाख रूपये पानी की तरह बहाया उनका रात में कौन कहे दिन में तारे नजर आ रहे है। कई नेताओं ने प्रदेश नेतृत्व पर सवाल उठाते हुए कहा कि पार्टी अध्यक्ष या अन्य शीर्ष नेताओं ने स्थानीय कार्यकर्ता या पार्टी से जुड़े कार्यकर्ताओ को टिकट देने का वादा किया था, लेकिन पार्टी के बड़े नेताओं ने पहुँच वाला प्रत्याशी या धनवान व्यक्ति को टिकट देने का आरोप लगा रहे है ।इतना ही नहीं टिकट न मिलने से आहत नेताओ ने फेसबुक लाइव या यूट्यूब के जरिए अपनी भड़ास निकाल रहे है. कुछ नेताओं ने शोशल मिडिया या आम जनता से कहते फिर रहे है कि कार्यकर्ता सिर्फ झंडा-डंडा उठाने और नेताओं का स्वागत करने के लिए हैं ? कई प्रत्यासियो ने लोगो को बोले कि पांच साल तक कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीढ़ बताया जाता है, लेकिन चुनाव के समय धनबलियों, बाहुबलियों या अधिकारियों को टिकट दे दिया जाता है। उन्होंने सवाल किया कि विधानसभा में एक भी योग्य कार्यकर्ता क्यों नहीं मिलता ?। टिकट नहीं मिलने से उनके समर्थको भी निराश होकर दूसरे दलों के साथ जुड़ना चा रहे तो कोई बदले क़ी भावना से चुनाव में सबक सिखाने में लगे हुए है। कुछ प्रत्यासी के दिल तो नहीं मिल रहा है लेकिन जनता को एक साथ बैठकर एकता होने का संदेश दे रहे है. बिहार क़ी जनता नेताओं के कूटनीतिक राजनीतिक को समझ कर मुस्करा रहे है और मन ही मन चुनावी मैदान में कूदे उम्मीदवार के कार्य प्रणाली को खंगालने में लगे हुए है। मतदाता यह भी सोच रहे है कि कौन प्रत्यासी दुःख में साथ दिया कौन उम्मीदवार क्षेत्र की समस्याओं को समाधान किया कौन समस्याओं को नजरअंदाज किया कौन सिर्फ वोट के वक़्त जनता को याद किया. यह सभी सबालो के चर्चा चौक चौराहो, चाय, किराना दुकानों पर चर्चा खुब हो रही है. इतना ही नहीं कौन विकास के नाम पर ढिढोरा पीट रहा है कौन जमीनी विकास करने का भरोसा दे रहा है। चाय के चुस्की लेते जनता कह रही अच्छे नेता चुनेंगे तभी लोकतंत्र मजबूत होगा। इसबार ज़ात, धर्म से उपर उठकर विकास पर मोहर लगाना होगा तभी विधानसभा क्षेत्र के विकास होगा.

# मढ़ौरा में एलजेपी (आर) प्रत्याशी के नामांकन रद्द, चर्चा के बीच अभ्यर्थी ने क्षेत्र में पहुंची

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** बिहार में विधानसभा चुनाव के लिए पहले पहले चरण का नामांकन पूरा हो चुका है। अब उम्मीदवारों के नामांकन की स्क्रूटनी चल रही है। स्क्रूटनी में कई उम्मीदवारों के नामांकन खारिज हो चुके हैं। सबसे बड़ा झटका एनडीए को लगा है। क्योंकि मढ़ौरा सीट से सीमा सिंह का नामांकन खारिज हो गया है। सीमा सिंह ने एलजेपी (रामविलास) पार्टी से मढ़ौरा सीट से नामांकन दाखिल किया था। शनिवार को उनका नामांकन रद्द हो गया। सीमा सिंह भोजपुरी ऐक्ट्रेस हैं। वह चिराग पासवान की पार्टी से चुनाव लड़ रही थीं। मगर नामांकन रद्द होने के बाद उनका चुनाव लड़ना मुश्किल हो गया है। सीमा सिंह का नामांकन %तकनीकी खामी% के चलते रद्द कर दिया गया है। मढ़ौरा सीट से ही निर्दलीय चुनाव लड़ रहे अल्ताफ आलम राजू का नामांकन भी रद्द हो गया है। अल्ताफ आलम पहले जेडीयू में थे लेकिन टिकट न मिलने से उन्होंने निर्दलीय ही नामांकन भर दिया था। अब इस सीट पर मुख्य मुकाबला आरजेडी के जितेंद्र कुमार राय और प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी के अभय सिंह के बीच होने के आसार बन रहे है। इसी बीच रविवार की देर सांध्य सीमा सिंह ने क्षेत्र में आकर लोगों का हालचाल पूछा।




## हसनपुरा में ईंट व हथौड़ा से वारकर निजामुद्दीन खान की हत्या

**परवेज अख्तर/सीवान।** एमएच नगर थाना क्षेत्र के लहेजी में दीपावली से ठीक एक दिन पूर्व शनिवार की देर रात बदमाशों ने एक अधेड़ की ईंट व हथौड़े से वारकर हत्या कर दी और आसानी से फरार हो गए। मृतक की पहचान लहेजी निवासी निजामुद्दीन खान (58) के रूप हुई है। वहीं इस घटना के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घटना के संबंध में निजामुद्दीन खां के पुत्र इमरान खान ने बताया कि उनके पिता निजामुद्दीन खा नमाजी थे। वे शनिवार की रात नमाज पढ़ने के बाद खाना खाकर घर से पूरब दिशा स्थित फार्महाउस पर सोने चले गए थे। जहां उनका नौकर भी उनके साथ सोता है। इसी दौरान बदमाशों ने मौका पाकर ईंट व हथौडे से वार करके उनकी हत्या कर दी। उनकी मौत की जानकारी रविवार की दोपहर को हुई। पुत्र इमरान ने बताया कि उनके पिता रविवार की सुबह जब खाना खाने घर नहीं आए, तो उनके मोबाइल नंबर पर काल किया गया। लेकिन बार-बार काल करने व रिसीव नहीं होने पर घर में साफ-सफाई का काम कर रहीं महिला को भेजा गया। जब उक्त महिला फार्महाउस में पहुंची तो स्थिति देखकर दंग रह गई। चारों तरफ खून के सूखे धब्बे बिखरे थे। उसने घटना की जानकारी दी। इसके बाद स्वजनों में कोहराम मच गया। इस घटना के बाद गांव में शोक का माहौल कायम हो गया।घटना की जानकारी स्थानीय थाना को दी गई। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एमएच नगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के साथ रह रहे नौकर को हिरासत में ले लिया। वहीं शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इसके बाद जिले से पहुंची फारेंसिक टीम ने घटनास्थल पहुंचकर बिखरे खून के धब्बे, कपड़ा आदि का सैंपल लिया।

## सीवानः 24 घंटे में 16 शराबियों सहित तीन शराब तस्करों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**परवेज अख्तर/सीवान।** विधानसभा चुनाव को लेकर उत्पाद विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। शराब तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। वहीं शराब भी बरामद की जा रही है। इस संबंध में उत्पाद अधीक्षक शशांक वर्मा ने बताया कि विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए मद्यनिषेध व उत्पाद विभाग द्वारा बड़ी कार्रवाई की जा रही है। 18 अक्टूबर को उत्पाद विभाग द्वारा 16 शराबियों व तीन शराब तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। बताया कि विभिन्न जगहों पर छापेमारी कर 345.000 लीटर अवैध देसी शराब एवं 0.750 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद किया गया है। साथ ही एक दो पहिया वाहन को जब्त किया गया है।

## सीवान के मौलेश्वरी चौक निवासी पप्पू सोनी का पुत्र आशीष कुमार की मौत,शोक में डूबा मोहल्ला

**परवेज अख्तर/सीवान।** नगर थाना क्षेत्र के मौलेश्वरी चौक के समीप शनिवार को घर में साफ सफाई के दौरान युवक को करंट लग गया। जिससे युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। स्वजन उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर गए। जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। स्वजन पोस्मार्टम बिना कराए ही शव लेकर चले गए। मृत मौलेश्वरी चौक निवासी पप्पू सोनी का पुत्र आशीष कुमार था। घटना के संबंध में स्वजनों ने बताया कि दिवाली को लेकर घर में साफ सफाई का काम चल रहा था। इसी दौरान नीचे बरामदे में इनवर्टर का पाइंट दिया गया था। सफाई के दौरान इनवर्टर का लाइट युवक को लग गया। जिससे घटनास्थल पर ही युवक मूर्छित होकर गिर गया। मौत की सूचना मिलते ही स्वजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया। इस घटना के बाद स्वर्ण व्यवसाइयों में शोक की लहर है।

## ट्रेन से लावारिस हालत में शराब बरामद

**सिवान।** ट्रेन से आरपीएफ ने लावारिस हालत में शराब को बरामद किया। इस मामले में आरपीएफ इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव ने बताया कि 18 अक्टूबर को वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त वाराणसी, सहायक सुरक्षा आयुक्त छपरा व प्रभारी निरीक्षक रेसुब पोस्ट भटनी धनंजय कुमार राय के निर्देशानुसार टास्क टीम भटनी व सिवान गाड़ी संख्या 14006 आनंद बिहार-सीतामढ़ी लिच्छवी एक्सप्रेस में संयुक्त रूप से अपराधिक गतिविधि निगरानी कर रहे थे। इस दौरान मैरवा स्टेशन के पास कोच संख्या एस-तीन के शौचालय के पास से लावारिस हालत में दो पिठू बैग, एक प्लास्टिक की बोरी में 157 बोतल शराब बरामद हुई।

## पिकअप की टक्कर से बाइक सवार पिता-पुत्री घायल

**सिवान।** सराय थाना क्षेत्र के एमएम कालीन समीप बाइपास पर रविवार की दोपहर तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से बाइक सवार पिता-पुत्री घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घायल की पहचान एमएम कालोनी एजाज आलम व फातिमा के रूप में हुई है। इस संबंध में स्वजनों ने बताया कि दोनों एक बाइक पर सवार होकर डाक्टर से इलाज करने जा रहे थे, तभी तेज रफ्तार पिकअप ने धक्का मारकर फरार हो गया। जिससे दोनों घायल हो गए।

## अलग-अलग जगहों से चार वारंटी गिरफ्तार

**दारौंदा (सिवान) ।**थाना की गश्त दल ने शनिवार की रात विशेष अभियान के तहत विभिन्न जगहों पर छापेमारी कर चार वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया तथा कार्रवाई के बाद न्यायालय भेज दिया। थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार वारंटियों में कमसड़ा निवासी अमर महतो और ललन महतो तथा हाथोपुर निवासी उमा यादव और बैरिस्टर यादव शामिल हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि उक्त लोगों के खिलाफ न्यायालय से वारंट जारी था।

## एक कट्टा व दो गोली के साथ एक गिरफ्तार

**सिवान-** नगर थाना क्षेत्र के सिसवन ढाला समीप से शनिवार की देर रात पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर एक युवक को एक कट्टा व दो गोली के साथ गिरफ्तार कर लिया। जिसे पूछताछ के बाद पुलिस ने रविवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार

नगर थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर वार्ड नंबर 42 निवासी श्रवण कुमार यादव है। इस मामले में परिपुअनि राहुल कुमार ने नगर थाना में प्राथमिकी कराया है। आवेदन में बताया कि 18/19 अक्टूबर की रात्री में बल के साथ विशेष छापेमारी में थाना से प्रस्थान किया था। पुरानी किल्ला में छापेमारी के दौरान गुप्त सूचना मिला कि एक व्यक्ति सिसवन ढाला के पास अवैध हथियार के साथ टहल रहा है। इस सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु वरीय पदाधिकारी को सूचित करते हुए जैसे ही सिसवन ढाला के पास पहुंचा तो एक व्यक्ति पुलिस वाहन को देखकर भागने का प्रयास किया। साथ गए बल के सहयोग से खदेरकर उसे पकड़ लिया गया। गिरफ्तार श्रवण कुमार यादव के कमर के पीछे से एक कट्टा व पेट के दाहिने जेब के अंदर से दो जिन्दा गोली पाया गया। उसने पूछताछ में बताया कि वह अपने घर से निंद नहीं आने के कारण अकेले टहलते यहां तक आ गया। आगे हथियार एवं गोली के संबंध में बताया कि हम अपने सुरक्षा के लिए रखते है।

# त्योहारों में घर आए प्रवासी बिना मतदान के ही लौटने की तैयारी में, टिकट कटाने की होड़

**परवेज अख्तर/सीवान।** दीपावली व छठ पर्व को लेकर प्रवासी घर वापस लौटने लगे हैं लेकिन, इनमें से अधिकतर जिले में छह नवंबर को होने वाली मतदान से पूर्व ही वापस हो जाएंगे। 25 से 28 अक्टूबर तक संपन्न होने वाले महापर्व छठ के अगले दिन से 12 नवंबर तक दिल्ली, मुंबई, गुजरात, पंजाब, कोलकाता, असम आदि की ओर जाने वाली सभी नियमित ट्रेनों में सीट के लिए नो रूम है। वहीं कुछ स्पेशल ट्रेन में आरएसी तो वेटिंग का सिलसिला जारी है। इन ट्रेनों में पहले से ही इन प्रवासियों ने रिजर्वेशन करा रखा है। मतदान को लेकर प्रवासी अपनी रिजर्वेशन कैंसिल कराने से हिचक रहे हैं। टिकट वापसी के बाद उन्हें पुनः ट्रेनों में कंफर्म टिकट तत्काल मिलने की संभावना नहीं रहने के कारण मतदान में शामिल होने की चाहत के बावजूद वे रोजी रोटी को अधिक दिनों तक टाल पाने में स्वयं को असमर्थ महसूस कर रहे हैं। इतना है ही नहीं, सिवान से दिल्ली के साथ ही अन्य शहरों के लिए चलने वाली बसों में सीटें बुक हो चुकी हैं। धनतेरस व दीपावली से लेकर छठ के बाद यात्रियों की वापसी में भारी भीड़ होने की संभावना को देखते हुए रेलवे ने भी तैयारी शुरू कर दी है। इस दौरान जहां यात्री देश के विभिन्न शहरों से दीपावली व छठ में घर वापस आ रहे हैं, वहीं वापसी के क्रम में भी भीड़ बनी रहने की संभावना बतायी जा रही है। इसे लेकर स्टेशन परिसर में पिछले वर्ष की तरह इस बार भी अस्थायी प्रतीक्षा स्थल बनाया जा रहा है। जिसमें यात्री ट्रेन से उतर कर घर पहुंचने के लिए अन्य वाहनों के लिए इंतजार कर सके वहीं वापसी में अपने ट्रेन का आराम से इंतजार कर सके। इससे प्लेटफार्म पर भीड़ कम होगी। अस्थायी प्रतीक्षालय की सुरक्षा पुलिस बल की तैनाती होगी।

**सिवान से प्रमुख ट्रेनों की स्थिति**

| ट्रेन | टिकट की स्थिति |
|---|---|
| 14005 | दिसंबर 11 तक नो रूम |
| 02563 | दिसंबर 5 तक नो रूम |
| 02569 | दिसंबर 7 तक नो रूम |
| 02563 | नवंबर 14 तक नो रूम |
| 12553 | नवंबर 13 तक नो रूम |
| 15034 | दिसंबर 12 तक नो रूम |
| 15904 | दिसंबर 12 तक नो रूम |
| 15033 | दिसंबर 11 तक नो रूम |
| 12565 | दिसंबर 15 तक नो रूम |

## आरके रेसिडेंशियल स्कूल में दीपावली व छठ पूजा पर कार्यक्रम आयोजित

**सिवान ।** भगवानपुर हाट प्रखंड के मघरी स्थित राजेंद्र किशोरी रेसिडेंशियल स्कूल में विशेष रूप से दीपावली व छठ पूजा को ले कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने स्कूल परिसर को दीपावली के दीप से रोशन किया और छठ के संगीत से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों ने झांकी प्रस्तुत कर दीपावली, छठ पूजा के महत्व को बखूबी बताया। इस अवसर पर कक्षा पांच से अमृत ने छठ के गीत सुनाई, वहीं कक्षा दूसरी की छात्रा यास्मीन ने दीपावली पर खूबसूरत कविता प्रस्तुत की। कक्षा नौवीं के भानू ने छठ पूजा पर एक विशेष अभिव्यक्ति प्रस्तुत किया। वहीं कक्षा छह, सात व आठ से बच्चों ने एक नाटक के द्वारा छठ पूजा को और भी खूबसूरत बना दिया। सभी हाउस ने समय की बाध्यता के अंदर ही रंगोली बनाना, कार्ड मेकिंग, दीया को सजाने जैसी प्रतियोगिता में भी बढ़चढ़ कर भाग लिया। प्राचार्य डा. रीना तिवारी ने बच्चों को आस्था के इस त्योहार को अपनी संस्कृति का हिस्सा बताया। संस्थापक अरुण कुमार सिंह ने बच्चों को दीपावली और छठ पूजा की ढेर सारी शुभकामनाएं एवं जीवन में मेहनत कर आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया। उन्होंने बच्चों को ग्रीन दिवाली मनाने को कहा द्य उन्होंने सभी शिक्षकों और अभिभावकों को भी बधाई दी तथा सभी कर्मियों को मिठाई भी बांटी।

## मैरवा : पिकअप की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौत, सड़क जाम

**परवेज अख्तर/सीवान।** मैरवा थाना क्षेत्र के मैरवा-सिवान मुख्य मार्ग पर नौतन मोड़ नहर पुल पर पर रविवार को पिकअप की टक्कर से एक बाइक पर सवार दो युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान मैरवा थाना के गोपालचक निवासी सत्येंद्र साह के पुत्र सनी साह (18) और शाहपति यादव के पुत्र चांद यादव (19) के रूप में हुई। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। वहीं पुलिस लोगों को समझा-बुझा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

बताया जाता है कि गोपालचक निवासी सनी साह एवं चांद यादव एक ही बाइक पर सवार होकर घर से मैरवा धाम स्पेलर मशीन पर सरसों लेकर जा रहे थे,तभी पश्चिम की ओर से तेज गति से आ रही पिकअप की चपेट में आ गए। इस दौरान दोनों युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जब तक ग्रामीण एकत्रित होते चालक व खलासी गाड़ी छोड़कर लोगों को चकमा देकर फरार हो गए। वहीं आक्रोशित ग्रामीणों ने पिकअप पर सवार एक मजदूर की पिटाई कर दी तथा वाहन का शीशा क्षतिग्रस्त कर दिया। इस दौरान ग्रामीण मैरवा-नौतन, मैरवा-सिवान और मैरवा- गुठनी सड़क मार्ग जाम कर आवागमन अवरुद्ध कर दिया। सड़क जाम कर रहे लोगों ने कई बाइक सवार की पिटाई भी की। भीड़ में मौजूद आक्रोशित कुछ युवक पिकअप में आग लगाने की बात कर रहे थे, लेकिन पिकअप पर गैस सिलेंडर रखे होने की अफवाह से वे अपना कदम पीछे खींच लिया, हालांकि पिकअप पर सड़क कंस्ट्रक्शन शेष संबंधित कुछ सामान रखा हुआ था। घटना की सूचना मिलते ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गौरी कुमारी, थानाध्यक्ष संजीत कुमार, अंचलाधिकारी राहुल कुमार पुलिस के साथ पहुंच गए और लोगों को समझा-बुझाकर मामले को शांत करने में जुटे रहे। पिकअप पर सवार मजदूर को लोगों के कब्जे से पुलिस ने छुड़ाया। उधर दुर्घटना में युवकों की मौत होने की जानकारी होते ही उनके स्वजनों में चीत्कार मच गई। आक्रोशित ग्रामीण प्रशासन से मृतक के स्वजन को 10-10 लाख रुपये मुआवजा देने, दोषी चालक की गिरफ्तारी और मनमाने रफ्तार से वाहन चलाने पर रोक की मांग कर रहे थे। लोगों ने बताया कि पिकअप चालक के केबिन में चिलम रखा हुआ था जिसे देख यह आशंका व्यक्त किया जा रहा था कि कहीं दुर्घटना का कारण चालक के गांजा या स्मैक का सेवन तो नहीं था। वहीं प्रशासन द्वारा मृतक के आश्रित के स्वजन को सरकार से नियमानुसार मिलने वाली चार-चार लाख की राशि भुगतान का आश्वासन देकर जाम हटाया गया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर प्राथमिकी कर अंत्यपरीक्षण के लिए भेज दिया।

## सीवान जंक्शन पर भिखारी के पास से मिला एक लाख 70 हजार रुपया

**परवेज अख्तर/सीवान।** जंक्शन के प्लेटफार्म से एक भिखारी के पास से जीआरपी ने एक लाख 70 हजार रुपया बरामद किया है। इसके बाद भिखारी को हिरासत में लेकर उसे थाना लाया गया और वहां उससे पूछताछ शुरू की गई। मामले में जीआरपी ने कुछ बताने से इन्कार कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार जंक्शन पर जीआरपी की गश्त टीम विधानसभा चुनाव को लेकर निगरानी कर रही थी। इसी दौरान जीआरपी की टीम को एक भिखारी पर शक हुआ। इसके बाद टीम ने जब जांच किया तो उसके पास से एक लाख 70 हजार के आस-पास रुपया बरामद हुआ। जिसे पुलिस ने जब्त कर थाना लाई। पूछताछ में उक्त भिखारी ने बताया कि वह लोगों से भीख मांग कर अपना जीवन यापन करता है। उसने यह रुपये लोगों से मांग कर एकत्रित किया है और उससे अपने शरीर का इलाज कराता है। मामले में जीआरपी थानाध्यक्ष विकास कुमार आजाद ने बताया कि एक भिखारी के पास से काफी मात्रा में रुपये बरामद हुए हैं। अभी जांच की जा रही है। भिखारी के अनुसार वह इन्हीं रुपयों से अपना इलाज कराता है। इसकी जानकारी वरीय पदाधिकारी को दे दी गई है।

## सीवान :सुरक्षित व आपसी भाईचारगी के साथ मनाएं दीपोत्सव का पर्व : डीएम

**परवेज अख्तर/सीवान।** दीपोत्सव का पर्व दिवाली सोमवार को जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में मनाई जाएगी। जिलाधिकारी डा. आदित्य प्रकाश ने जिलेवासियों को दिवाली की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की। कहा कि दिवाली का त्योहार सभी लोग आपसी परस्पर भाईचारे व समन्वय के साथ मनाएं। उन्होंने कहा कि देश की पहचान अनेकता में एकता से है। यहां सभी लोग सभी त्योहारों को आपसी सौहार्द, प्रेम व भाईचारे के साथ मनाते रहे हैं और आगे भी मानते रहेंगे। कहा कि दिवाली प्रकाश का त्यौहार है। यह त्यौहार सभी के जीवन में उजाला लेकर आए, उनका जीवन प्रकाशमय हो, वह उन्नति पथ की ओर अग्रसर हो। ऐसी वह हार्दिक शुभकामनाएं सभी को देते हैं। उन्होंने साफ सफाई की आवश्यकता पर बल दिया तथा जिले को साफ-सुथरा रखने के लिए जिलेवासियों से सहयोग देने का आह्वान भी किया। वहीं पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार तिवारी ने कहा कि हिंदू त्योहारों में दिवाली एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इसलिए सभी को एक भावना में तल्लीन होकर इस त्यौहार को हंसी खुशी मनाना चाहिए। अंत में पदाधिकारीद्वय ने कहा कि बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को लेकर प्रक्रिया चल रही है। ऐसे में सभी लोग निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए आदर्श आचार संहिता का अनुपालन हर हाल में करते हुए पर्व मनाएं। साथ हीं आगामी छह नवंबर को अपने-अपने मतदान केंद्रों पर पहुंचकर लोकतंत्र के इस महापर्व में भागीदार बनें।

## दारौंदा में तीन सीमावर्ती क्षेत्रों पर बना चेकपोस्ट, चुनाव में बढ़ी निगरानी

**दारौंदा (सिवान)।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट में है। प्रखंड क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने और चुनावी आचार संहिता के पालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से तीन सीमावर्ती क्षेत्रों में चेकपोस्ट बनाए गए हैं। पहला चेकपोस्ट सिवानङ्कछपरा मुख्य पथ (531) पर जलालपुर के समीप, दूसरा मांझीङ्कबरौली पथ पर डिब्बी चनचौरा बाजार के समीप तथा तीसरा प्रखंड कार्यालय के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) पर बनाया गया है। इन चेकपोस्टों पर पुलिस बलों की तैनाती की गई है, जहां आने-जाने वाले वाहनों की सघन जांच की जा रही है। प्रशासन का कहना है कि अवैध शराब, नकदी या किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि पर विशेष निगरानी रखी जा रही है ताकि चुनाव शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराया जा सके।थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह ने बताया कि चुनाव को निष्पक्ष एवं भयमुक्त माहौल में संपन्न कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने आम मतदाताओं से अपील की है कि वे निर्भय होकर मतदान करें और किसी भी प्रकार के भय, प्रलोभन या अफवाह से प्रभावित न हों। चुनाव आयोग और स्थानीय प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है कि हर मतदाता सुरक्षित वातावरण में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

## छात्राओं ने मानचित्र व रंगोली के जरिए मतदाताओं को किया जागरूक

**आंदर (सिवान)।** प्रखंड के रकौली स्थित उत्क्रमित मध्य सह उच्च माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को प्रधानाध्यापक प्रशांत कुमार सिंह की देखरेख में मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया तथा मतदाताओं को छह नवंबर को शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया गया। प्रधानाध्यापक ने बताया कि बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर छात्रा प्रिया सिंह व मोती कुमारी ने रंगोली व नंदनी कुमारी, शिल्पी कुमारी, सन्ना खातून ने मानचित्र बनाकर मतदाताओं को जागरूक किया। लोकतंत्र के इस पर्व में सभी को हर्षोल्लास के साथ अपने मत की ताकत का प्रयोग करना चाहिए। इस दौरान शिक्षक धर्मवीर सिंह, सुदक्षिरणा कुमारी, पुष्पा कुमारी, रंजू कुमारी, कुमारी नीलम गुप्ता, विमलेश कुमार यादव आदि उपस्थित थे।

## छेड़खानी व दुर्व्यवहार का विरोध करने पर महिला के साथ मारपीट, प्राथमिकी

**हुसैनगंज (सिवान)।**थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने थाने में आवेदन देते हुए कहा है कि आरोप लगाया है कि प्रतिदिन की भांति 16 अक्टूबर की सुबह अपने खैरांटी स्थित नए मकान की साफ सफाई करने जा रही थी। इसी बीच हुसैनगंज निवासी रंजीत प्रसाद मेरे पीछे-पीछे आ रहा था। ज्यों ही चट्टी के पास बोलबम गैरेज के पास पहुंची तो रंजीत प्रसाद गलत नीयत से मुझे पकड़ अंधेरे में खींचने लगा। इसका विरोध करने पर वह मारपीट कर घायल कर दिया तथा गले से मंगलसूत्र एवं कान की बाली खींच लिया। शोरगुल सुनकर कुछ लोग वहां पहुंचते तब तक वह फरार हो गया। थानाध्यक्ष मिहिर कुमार ने बताया कि इस मामले में प्राथमिकी कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## तालाब में डूबने से वृद्धा की मौत, स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल

**बड़हरिया (सिवान)।** थाना क्षेत्र यमुनागढ़ तालाब के उत्तर छठ घाट पर रविवार को स्नान करने गई एक वृद्धा की डूबने से मौत हो गई। मृतका की पहचान खानपुर निवासी लखीचंद महतो की पत्नी मुन्नी देवी (69) के रूप में हुई है।बताया जाता है कि मुन्नी देवी प्रतिदिन की तरह रविवार की सुबह पूजा अर्चना करने के लिए स्नान करने यमुनागढ़ स्थित तालाब में गई थी। तभी वह पैर फिसलने से गहरे पानी में चली गई जिससे उनकी मौत हो गई। छठ घाट पर सफाई कर रहे मजदूरों ने घटना की सूचना ग्रामीण धर्मनाथ सिंह व स्वजनों को दी। ग्रामीण धर्मनाथ सिंह ने घटना की सूचना थाना को दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष छोटन कुमार, सीओ सरफराज अहमद, 112 टीम के एसआइ कौशर अली समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी वहां पहुंच शव को तालाब से निकलवाया और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। वहीं पोस्टमार्टम के बाद गांव में शव पहुंचते ही स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीण स्वजनों को ढाढ़स बंधा रहे थे।

## सिटी मांटेसरी स्कूल के बच्चों ने किया राजगीर का भ्रमण

सिवान। शहर के गांधी मैदान स्थित सिटी मांटेसरी स्कूल के बच्चों को राजगीर का भ्रमण कराया गया। इस दौरान बच्चों ने ग्लास ब्रिज, गर्म कुंड, विश्व शांति स्तूप जैसे आकर्षक स्थानों का द्वारा किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार ने राजगीर के विभिन्न स्थलों के महत्व से अवगत कराया। इस दौरान उन्होंने कहा कि शैक्षणिक परिभ्रमण से बच्चों में ऐतिहासिक व बौद्धिक विकास होता है। इस मौके पर शिक्षक संजय सिंह, श्रीराम शाह, विवेकानंद तिवारी, रोशनी कुमारी सहित अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। यह भ्रमण बच्चों के लिए ज्ञानवर्धक और मनोरंजक रहा। भ्रमण के दौरान बच्चों ने प्रकृति, संस्कृति और इतिहास के प्रति नई समझ प्रदान की।

